## सफाई कर्मी भर्ती की आवेदन तिथि बढ़ाई

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 नवम्बर कर दी गई है।

स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। इससे पूर्व मंगलवार को राज्य के 185 निकायों के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई थी। इस दौरान सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया और अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। राज्य सरकार ने 185 निकायों में 23820 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की घोषणा की थी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय निकाय विभाग ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि पहले 7 अक्टूबर थी, जिसे बढ़कर 20 नवम्बर कर दिया गया है। आवेदन पत्रों में गलतियों के संशोधन 21 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक किए जा सकेंगे। सफाई कर्मचारियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने का मामला पेचीदा हो गया है। अनुभव को लेकर स्थानीय निकाय विभाग ने कड़े नियम जारी कर दिए हैं। जिसकी वजह से राज्य में उदयपुर को छोड़ कहीं पर भी अनुभव प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हो पाये हैं। वाल्मीकि समाज के लोग अनुभव प्रमाण पत्र के लिये भटक रहे हैं।

# ताऊ और उसके बेटों ने युवक की पीट-पीटकर की हत्या

**बीकानेर,** (कासं)। नाल थाना क्षेत्र में स्थित कावनी गांव में एक युवक को उसके ही ताऊ और उसके बेटों ने मिलकर इतना पीटा की मौत हो गई। हत्या के इस मामले में अब नाल पुलिस सक्रिय हो गई है। शव को पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी ले जाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

नाल थाना प्रभारी महेन्द्र दत्त ने बताया कि कावनी गांव की रोही में करमीसर गांव के कुछ किसानों के खेत हैं। राजू पुत्र भंवरलाल जाट अपने खेत की ढाणी में रहता था। उसके ताऊ कुंभाराम का खेत भी पास में ही है। दोनों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। बुधवार को दोनों आमने-सामने हो गए और राजू पर हमला बोल दिया। राजू के परिजनों का आरोप है कि ताऊ कुंभाराम ओर उसके बेटों सहीराम व देवीलाल ने मिलकर उस पर हमला किया। राजू को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। घटना के बारे में बाद में पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर थानाधिकारी महेन्द्र दत्त ने शव को पीबीएम हॉस्पिटल के लिए रवाना किया। पुलिस दल कुंभाराम, सहीराम व देवीलाल के ठिकानों पर दबिश दे रहे हैं ताकि जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो सकें।



**नाल थाना क्षेत्र के कावनी गांव का मृतक राजू जाट।**

- **कावनी गांव की रोही में करमीसर गांव के राजू पुत्र भंवरलाल जाट और उसके ताऊ का खेत भी पास में ही है, दोनों के बीच पहले से विवाद चल रहा था**
- **बुधवार को दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और राजू पर हमला बोल दिया, उसे इतना पीटा कि राजू की मौत हो गई। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है**

**मारपीट में युवक की मौत :** महाजन थाना क्षेत्र में आने वाले गांव जैतपुर में मामा-नाना ने मिलकर जिस युवक के साथ मारपीट की थी। उसकी पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक दीपेश और उसकी मां के साथ दीपेश की मां के चाचा और चचेरे भाईयों ने हमला किया था।

महाजन थाने में दीपेश की मां उर्मिला ने मारपीट का मामला 26 अक्टूबर को दर्ज कराया था। अब ये हत्या का मामला बन गया है। 26 अक्टूबर को परिवादी उर्मिला पत्नी जुगल किशोर निवासी निंबी जोधा ने अपने चाचा-चाची और दो चचेरे भाईयों के खिलाफ घर में घुसकर अपने व बेटे दीपेश कुमार के साथ कुल्हाड़ी, लाठी से घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया था। प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर पीबीएम के लिए रेफर किया गया था।

इस दौरान परिवादी उर्मिला का पुत्र दीपेश कुमार गंभीर घायल अवस्था में था। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार शाम को इलाज के दौरान दीपेश कुमार की मौत हो गई।

परिवादी उर्मिला पत्नी जुगल किशोर निवासी निंबी जोधा का गांव जैतपुर में पीहर है। उनके माता-पिता नहीं है। वे सिर्फ तीन बहनें हैं। वह अपने पीहर जैतपुर आई हुई थी। अपने पिता के घर में साफ- सफाई कर रही थी। उसके साथ उसका बेटा दीपेश कुमार भी आया हुआ था। शनिवार 26 अक्टूबर को घर में सफाई कर रहे थे। इस दौरान उसके चाचा बुलाकी प्रसाद, चाची व दो चचेरे भाई कुल्हाड़ी लाठी हथियारों से लैस होकर घर में घुसे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर पड़ौसी आये और उन्हें छुड़वाया। पड़ौसी आते देखकर आरोपी गण वहां से फरार हो गए।

उनके उपचार के लिए महाजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां से पीबीएम बीकानेर के लिए रेफर किया गया। दीपेश कुमार की गंभीर चोटे होने के कारण पीबीएम में इलाज चल रहा था। उर्मिला ने परिवाद देते हुए अपने चाचा, चाची व दो भाईयों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया था। अब ये मामला हत्या में तब्दील हो गया है।

## 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह 10 को

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। गुरूद्वारा बाबा दीपसिंह शहीद की ओर से दस नवम्बर को 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया जायेगा।

गुरूद्वारा के मुख्य सेवादार तेजेंद्रपाल सिंह टिम्मा और अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को गुरूद्वारा कैम्पस में पत्रकारों से बातचीत में इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 22 साल से लगातार हो रहा आयोजन इस वर्ष भी करवाया जायेगा। जिन कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण करवाये गए हैं। उन्हें घरेलू जरूरत का सामान डबल बैड, सिलाई मशीन, प्रेस, बर्तन, गर्मी और सर्दी में उपयोग होने वाले कपड़े आदि भी दिए जायेंगे। समारोह में कई कन्याओं के सामूहिक विवाह और कई कन्याओं के आनंद कारज करवाए जायेंगे।

वैदिक रीति से विवाह की तमाम व्यवस्था राजेश गोयल और रविन्द्र गोयल की ओर से की जायेगी। सेंट्रल मार्केट, दुर्गा मंदिर मार्केट, महाराजा गंगासिंह प्रोपर्टी एसोसिएशन और पी ब्लॉक स्थित माई दा गुरूद्वारा की ओर से भी सहयोग किया जायेगा। जिन कन्याओं के विवाह करवाए जायेंगे उन्हें एक-एक लाख रूपए के लहंगा सैट भी दिए जायेंगे। नवविवाहित जोड़ों का पांच-पांच लाख का बीमा करवाया जायेगा। इस दौरान लंगर लगाया जायेगा। समिति वर्ष 2002 से लगातार सामूहिक विवाह करवा रही है।

### सार-समाचार

## विजेता महिला खिलाड़ियों का सम्मान



**डूंगर महाविद्यालय की महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने सम्मानित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 में अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता 04 और 05 अक्टूबर को आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें 90 खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें से राजकीय डूंगर महाविद्यालय की महिला वर्ग में बैडमिंटन टीम विजेता घोषित हुई। इस टीम में वंषिका आचार्य, योगिता पुरोहित, खुषबू किराडू, राधिका अग्रवाल, स्वाति ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र पुरोहित ने बताया कि ऑल इंडिया बैडमिंटन टीम में वंषिका आचार्य और योगिता पुराहित का चयन हुआ। यह अत्यंत गौरवांवित करने वाला पल है। डॉ. पुरोहित ने सभी छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की एकमात्र कुंजी है साथ ही परिश्रम का फल हमेशा मीठा होता है और हमेषा खिलाड़ी कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुषासन के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए आज का युग कम्प्यूटर युग है बच्चे 21वीं सदी की ओर अग्रसर है होशियार और टैलेंटेड है। इस अवसर पर खेल संयोजक डॉ रोहिताश चौधरी एवं संदीप यादव ने स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व के लिए खेल को अत्यंत आवश्यक बताया। सम्मान समारोह में खेल प्रभारी प्रोफेसर सतीश गुप्ता, कृष्ण चंद्र पुरोहित, प्रो. विक्रम सिंह, छात्र अपैक्स समिति के डॉ संदीप यादव, छात्रसंघ अध्यक्ष हरिराम गोदारा, दीपक खुडिया, राकेश गोदारा, कृष्ण गोदारा उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन उमेश व्यास ने किया।

## डी.ए.पी. खाद उपलब्ध करवाने की मांग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। किसानों ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को ज्ञापन देकर किसानों को रबी फसलों के लिए डीएपी खाद उपलब्ध करवाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि इन दिनों सरसों, चना व जौ की बुवाई चल रही है। ऐसे में किसानों को उर्वरकों की आवश्यकता है लेकिन डीएपी उर्वरक किसानों को नहीं मिल पा रहा है।

गंगनहर प्रोजेक्ट के पूर्व चेयरमैन गुरबल पाल सिंह के नेतृत्व में किसान संयुक्त निदेशक कृषि से मिले तथा बताया कि सरसों की बुवाई के लिए किसानों को डीएपी उर्वरक की आवश्यकता है लेकिन डीएपी नहीं मिल पा रही है। जिले में डीएपी की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं हो पा रही है। इससे किसान परेशान हैं। इस पर संयुक्त निदेशक कृषि सतीश शर्मा ने किसान प्रतिनिधियों को बताया कि जिले में गत दिवस कृभको कंपनी की डीएपी का रैक पहुंचा है।

- **जिले में डी.ए.पी. की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं होने से किसान परेशान**

सहकारी समितियों में यह डीएपी वितरित कर दी गई है। आगामी दो-तीन दिनों में एनएफएल व आईपीएल कंपनी की डीएपी के रैक भी आयेंगे। श्रीगंगानगर में और अधिक डीएपी खाद उपलब्ध करवाने के लिए उच्च स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## दुकानदार से मारपीट कर 30 हजार रूपये छीने

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ उपखंड के रीड़ी गांव में एक दुकानदार से मारपीट कर 30 हजार रूपए छीनकर लेने का मामला दर्ज हुआ।

थानाधिकारी इंद्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग दुकानदार चुटीकी लाल मेघवाल ने गांव के ही कालूराम मेघवाल और नौरंगराम मेघवाल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

उसने आरोप लगाया है कि दोनों आरोपी गांव में गुंडागर्दी करते हैं। दीपावली से दो दिन पहले कालूराम उसकी दुकान पर आया और हफ्ता वसूली करते हुए 20 हजार रूपए मांगे। उसने इतने रूपए देने में असमर्थता जताई तो आरोपी ने गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे बाद शाम को दोनों आरोपी आये और रूपए देने की मांग की। रूपए नहीं देने पर उसे दुकान से घसीटकर बाहर निकालकर मारपीट की। गुल्लक में से 30 हजार रूपए और सामान उठाकर ले गए

- **श्रीडूंगरगढ़ उपखंड के रीड़ी गांव में एक दिव्यांग दुकानदार से की मारपीट**

**झगड़ा करने से रोकने पर मारपीट :** श्रीगंगानगर शहर के चहल चौक पर दुकान पर खड़े व्यक्ति को झगड़ा करने से रोकने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है।

पीड़ित गांव धौलीपाल का रहने वाला है। उसका कहना है कि वह श्रीगंगानगर के चहल चौक पर किसी काम से गया था। इस दौरान एक व्यक्ति वहां झगड़ा कर रहा था। उसे रोका तो उसने हमला कर और उसके नाक पर चोट मारी। जिससे खून बहने लगा। धौलीपाल के रणजीत कुमार पुत्र देवीलाल की ओर से दर्ज मामले में कहा गया कि वह चहल चौक के वर्मा साइकिल स्टोर पर खड़ा था।

इस दौरान इंदिरा कॉलोनी गली नंबर 10 का रहने वाला धीरज पुत्र किशनलाल वहां आया। धीरज किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगा। इस पर रणजीत ने बीच बचाव किया और उसे रोकने की कोशिश की। इस पर धीरज ने रणजीत पर हमला कर दिया। इससे रणजीत के नाक पर चोट पहुंची और खूब बहने लगा। मामले की जांच एएसआई बिरजू सिंह को दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## 17 को महिला समूह की होगी बैठक

**श्रीगंगानगर,** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र खिलेरी की अध्यक्षता में केशव कुंज संघ कार्यालय में हुई। जिला मंत्री इंद्राज गोदारा ने बताया कि बैठक में पदमपुर में आयोजित जिला शैक्षिक सम्मेलन की समीक्षा की गई साथ ही संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार वार्षिक कार्य योजना का निर्माण किया गया। बैठक में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार शर्मा ने संगठन के ध्येय के अनुसार कार्यकर्ताओं से कार्य करने का आ ान किया। अतिरिक्त मंत्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश की ओर से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 17 नवंबर को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करणपुर में जिला स्तरीय महिला समूह बैठक का आयोजन किया जाएगा।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3924 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 1.10..2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश अरोड़ा पुत्र स्व. श्री अर्जुन दास अरोड़ा निवासी 12/421, एमपी नगर, बीकानेर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 जैड मुरब्बा नं. 19 किला नं. 12,13 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. बी-132, रिद्धि-सिद्धि इन्कलेव-7 श्रीगंगानगर | आवासीय पट्टा सं. 20466 दिनांक 16.6.2023 को श्री सुखदीप सिंह पुत्र श्री बलवीर सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री मुकेश अरोड़ा द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 13.8.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री मुकेश अरोड़ा पुत्र स्व. श्री अर्जुन दास अरोड़ा निवासी 12/421, एमपी नगर, बीकानेर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/683

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर



